**Naidunia (Indore), 06th November 2024, Page - 07**

# पीपीपी मोड पर बनाए जाएंगे आईटी पार्क, इंदौर से जुड़ेगी वेधशाला

- प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा में बैठक में मुख्यमंत्री ने दिएं निर्देश
- कहा- सायबर सुरक्षा का जिम्मा इलेक्ट्रानिक निगम को देंगे

राज्य ब्यूरो नईदुनिया, भोपाल : मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने उज्जैन जिले की डोंगला वेधशाला को आईआईटी इंदौर के साथ कनेक्ट कर रिसर्च एवं डेवलपमेंट पाठ्यक्रम विकसित करने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। कहा कि प्रदेश में अंतरिक्ष विज्ञान से संबंधित अतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन कर युवाओं को जोड़ा जाए। नव-वैज्ञानिक संवाद सत्र आयोजित किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रीनविच टाइम्स को जिस तरह की मान्यता प्राप्त है, उस तरह उज्जैन के भौगोलिक महत्व और जनार्दन नेगी जैसे विज्ञानिकों के अनुसंधान के प्रकाश में विश्व स्तर पर उज्जैन को विशेष केंद्र के रूप में पहचान मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री डा. यादव ने मंत्रालय कक्ष में मंगलवार को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की गतिविधियों की समीक्षा में बैठक में प्रदेश में पीपीपी मोड से आईटी पार्क बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नर्मदा नदी के तटीय क्षेत्रों, फसलों की रक्षा और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए नवीन टेक्नोलाजी का प्रभावी उपयोग करने पर जोर दिया। कहा कि सायबर सुरक्षा का जिम्मा इलेक्ट्रानिक विकास निगम को देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग साइबर सुरक्षा के लिए भी कार्य करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के छह पुराने शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालयों को आईआईटी की तर्ज पर विकसित किया जाए। उद्योगों के लिए सभी विभागों का इंटीग्रेटेड सिंगल विंडो सिस्टम डेवलप किया जाए। सभी शासकीय इंजीनियरिंग कालेज को आईटी डिपार्टमेंट से समन्वय स्थापित कर विकसित किया जाए।

## प्रदेश में टेक्सटाइल पाठ्यक्रम की पढ़ाई भी शुरू होगी

भोपाल : प्रदेश के महाविद्यालयों में अब टेक्निकल टेक्सटाइल पर फोकस किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने सभी महाविद्यालयों से केंद्र सरकार से फंड लेने हेतु आवेदन करने के निर्देश दिए हैं।

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण
भोपाल मण्डल भोपाल पुराना स
दूरभाष 0755-2738774, E-Mail-ID- seresb
क्रमांक 1885
निविदा विज्ञप्ति क्र.: 03/2